# ब्राह्मण समाज की बैठक सम्पन्न, शांति धारीवाल के बयान पर रोष जताया

■ ब्राह्मण समाज आज परशुराम चौराहे पर जलायेगा धारीवाल का पुतला

**कोटा,** (निसं)। सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज का अपमान करने वाले पूर्व मंत्री शांति धारीवाल के आपत्तिजनक बयान पर ब्राहम्ण समाज कोटा महानगर की बैठक विज्ञान नगर स्थित अखिल ब्राह्मण महासभा के भवन में आयोजित कि गई।अखिल ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष लहरी शंकर गौतम ने बताया कि बैठक में कोटा ब्राहम्ण समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया और विधायक संदीप शर्मा के अपमान को समस्त ब्राहम्णों का अपमान बताया। बैठक की अध्यक्षता महासभा के सम्भागीय अध्यक्ष रामस्वरूप शर्मा ने की।

बैठक में 31 जुलाई बुधवार को सामूहिक रूप से कोटा शहर के सभी ब्राहम्ण संगठनों के पदाधिकारी, समाज के प्रबुद्धजन एवं विप्र बंधु मिलकर परशुराम सर्किल तलवंडी पर सायं 5 बजे धारीवाल के पुतले को जलायेंगे और अपना रोष प्रकट करेंगे। सनाढ्य समाज के राजेन्द्र शर्मा कहा पूर्व में समाज द्वारा शांति धारीवाल के गृह निवास पर धरना प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया था जिसे स्थगित कर अब सनाढ्य समाज भी सभी समाजों के साथ मिलकर परशुराम सर्किल तलवंडी पर अपना विरोध प्रदर्शन करेगा। बैठक में गोविंद शर्मा, किशन पाठक, राम स्वरूप शर्मा, अनिल तिवारी, ओम प्रकाश टंकारिया, एम एम शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, धर्मेन्द्र दीक्षित, रम्मू पंडित, गोपाल शर्मा, नन्द किशोर शर्मा, दीपक शर्मा, नरेश पालीवाल सहित कई ब्राहम्ण संगठनों के पदाधिकारी बैठक में उपस्थित हुए। सभी ने संदीप शर्मा के अपमान को ब्राह्मण समाज का अपमान मानते हुए धारीवाल को मानसिक विकलांग बताते हुए कहा कि सदन में गाली-गलौच करना उनकी उम्र व पद के लिए अशोभनीय है। ब्राहम्ण समाज के प्रतिनिधि का अपमान समस्त ब्राहम्णों का अपमान है। उन्होंने कहा कि विधायक संदीप शर्मा को लाखों लोगों का मत व समर्थन मिला ओर वह विधानसभा पहुंचे है ऐसे में उनका निरादर तो पूरी जनता का निरादर है।

अखिल ब्राह्मण महासभा ने फूंका धारीवाल का पुतलाः- संस्था अध्यक्ष लहरी शंकर गौतम ने बताया कि बैठक उपरान्त अखिल ब्राहम्ण समाज के पदाधिकारियों ने पूर्व मंत्री शांति धारीवाल का पुतला भी फूंका। महासभा के लोगों ने इस अवसर पर ब्राहम्ण एकता जिंदाबाद तथा धारीवाल मुर्दाबाद के नारे भी लगाएं।



ब्राह्मण समाज कोटा महानगर की बैठक सम्पन्न आयोजित हुई, बैठक में पूर्व मंत्री शान्ति धारीवाल का पुतला जलाने का निर्णय लिया गया।

## राशन विक्रेता संघ की बैठक हुई

**छबड़ा** (निसं)। शहर एवं ग्रामीण के राशन विक्रेता संघ की बैठक जिला संरक्षक राजमल मीणा की मौजूदगी में संपन्न हुई। इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष गजानंद मीणा व षहर अध्यक्ष त्रिवेंद्रम जाटव मौजूद थे। यहां एक अगस्त से राषन वितरण व्यवस्था ठप किए जाने का निर्णय लिया। जिला संरक्षक मीणा के अनुसार बैठक में प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर एक अगस्त से राज्य स्तरीय राशन वितरण व्यवस्था ठप करने के आह्वान का समर्थन करते हुए डीलरो ने जीरो ट्रांजेक्शन पॉष मशीन से करने का निर्णय स्वैच्छा से लिया। यहां षहर की 16 व ग्रामीण की 50 पॉष मषीने जमा कराई गई एवं संकल्प लेते हुए आंदोलन को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। संघ की मांगो में 30 हजार रुपए प्रति माह दिया जाने, छीजत का प्रावधान किए जाने तथा बकाया कमीशन दिलाए जाना आदि षामिल हैं। इस अवसर पर राकेश कुमार शर्मा, भगवती प्रसाद शर्मा, महेश अहीर, उर्मिला बैरवा, भोजराज गुर्जर, जीतपाल राजपूत, शंकरलाल जाटव, गिर्राज मीणा, बालकराम मीणा, कालुराम मीणा, हजारीलाल लोधा, रतनलाल लोधा, पप्पू मीणा, मांगीलाल मीणा, मुकेश मीणा, चतर्भुज गाडरी, हरिओम मीणा, सुरेश, श्रवण लोधा, पूजा अवस्थी सहित रिद्धि सिद्धि समूह, महक स्वयं सहायता समूह आदि के सदस्य मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी

**कोटा,** (निसं)। स्वतंत्रता दिवस जिला स्तरीय समारोह 15 अगस्त को गरिमापूर्ण माहौल में महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में मनाया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने सुव्यवस्थित आयोजन के लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि अधिकारी दी गई जिम्मेदारियों को समय पर पूरा करते हुए आयोजन को सफल बनाएं।

जिला कलक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले कार्यक्रम सांस्कृतिक विरासत एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत हो। प्रस्तुतियां स्तरीय हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कमेटी कार्यक्रमों का चयन करे। समारोह में अधिकाधिक जन भागीदारी बढ़ाने के प्रयास हो। उन्होंने बताया कि मुख्य समारोह में ध्वजारोहण, मार्च पास्ट, विद्यार्थियों द्वारा शारीरिक व्यायाम प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि होंगे, साथ ही मैत्री मैच एवं पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट कार्यों करने पर प्रतिभाओं को सम्मान भी किया जाएगा।


**कार्यालय नगर निगम, कोटा-उत्तर**

क्रमांक:-ननिको-(उ.)/जोन प्रथम/डी.टी.पी./2024/4765-66 दिनांक:-29.07.24

**सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुशीला बाई पत्नी श्री दुर्गाशंकर निवासी-खण्ड गांवडी, कोटा राजस्थान द्वारा योजना खण्ड गांवड़ी स्थित आवास के कुल क्षेत्रफल 1416.79 में से 655.10 वर्गफीट का उप-विभाजन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

आवास/भूखण्ड खण्ड गांवडी कोटा राजस्थान स्थित उक्त आवास का आवंटन पत्र नगर विकास न्यास कोटा (राजस्थान) द्वारा दिनांक 21.05.1983 से श्री गजानन्द पुत्र श्री भैरूलाल जिसका कुल क्षेत्रफल 84.38 वर्गमीटर (907.92 वर्गफीट) के पक्ष में जारी किया गया था। उक्त आवास के दक्षिण दिशा में स्थित भू-पट्टी का क्षेत्रफल 508.87 वर्गफीट का आवंटन दिनांक 17.11.2000 को श्रीमती शान्ति बाई पत्नी स्व.श्री गजानन्द को किया गया था।

आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार आवास खण्ड गांवडी कोटा राजस्थान द्वारा कुल क्षैत्रफल 1416.79 वर्गफीट में से 655.10 वर्गफीट के उप-विभाजन की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का उप-विभाजन करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित रूप से अधो-हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

उप नगर नियोजक नगर निगम, कोटा उत्तर


## सार-समाचार

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ

**बूंदी** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय बूंदी में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की चारो इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में मुख्यमंत्री सघन वृक्षारोपण अभियान के तहत वृक्षारोपण कर प्राचार्य डॉ अनीता यादव ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में धर्म नारायण वैष्णव मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ अनीता यादव ने स्वयंसेवकों से इस अभियान में पुरजोर तरीके से भागीदारी निभाने की अपील की तथा वर्तमान समय में पर्यावरण हेतु वन क्षेत्र का विस्तार करने के लिए पौधारोपण अभियान का महत्व बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ राजेंद्र प्रसाद मीणा ने स्वयंसेवकों को महाविद्यालय परिसर एवं अपने आसपास के क्षेत्र में कम से कम एक पौधा लगाने एवं उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी वहन करने का संकल्प दिलाया। राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा, मुकेश मीणा, डॉ संत कुमार मीणा, डॉ शहनाज, संकाय सदस्य डॉ जुबेर खान, डॉ दिलीप राठौड़, डॉ आशीष श्रृंगी, डॉ भारतेंदु गौतम, मेघा गुप्ता ने स्वयंसेवकों के साथ एक पेड़ मां के नाम लगाकर अभियान में अपनी भागीदारी निभाई। इस अवसर पर दिनेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान महाविद्यालय में निरंतर जारी रहेगा। इन्होंने अन्य सभी संकाय सदस्य एवं विद्यार्थियो से महाविद्यालय परिसर में कम से कम एक पेड़ मां के नाम लगाने एवं उसकी सुरक्षा करने का आव्हान किया।

### एलन के देवेश को गोल्ड और अवनीश को सिल्वर मैडल

**कोटा,** (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स इंटरनेशनल ओलंपियाड में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। बायोलॉजी, फिजिक्स और मैथ्स ओलम्पियाड के बाद अब 56वें इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलम्पियाड में एलन स्टूडेंट्स ने गोल्ड व सिल्वर मैडल जीते हैं। एलन के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि 56वां इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलम्पियाड 21 से 30 जुलाई के मध्य सऊदी अरब में हुआ। इसमें एलन के क्लासरूम स्टूडेंट देवेश पंकज भैया ने गोल्ड और क्लासरूम स्टूडेंट अवनीश बंसल ने सिल्वर मैडल जीता। यह ओलम्पियाड 5 चरणों में आयोजित किया जाता है। पहले चरण नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन इन केमिस्ट्री (एनएसईसी) में एलन के 106 स्टूडेंट्स, दूसरे चरण इंडियन नेशनल केमिस्ट्री ओलम्पियाड (आईएनसी एचओ) में एलन के 10 स्टूडेंट्स का चयन हुआ, तीसरे चरण ओरियंटेशन कम सलेक्शन कैंप (ओसीएससी) के अंत में चार सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की गई, जिसमें दो छात्र एलन से रहे। तीसरे चरण के बाद चयनित 2 एलन स्टूडेंट चौथे चरण प्री-डिपार्चर ट्रेनिंग कैंप (पीडीटी) में सम्मिलित हुए। इसके बाद पांचवें व अंतिम चरण आईसीएचओ फाइनल में एलन के देवेश पंकज भैया और अवनीश बंसल शामिल हुए और मैडल जीते।

### छबड़ा में कावड़ यात्रा 12 को निकलेगी

**छबड़ा** (निसं)। नागेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वाधान में श्रावण मास के चौथे सोमवार को भव्य कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। समिति अध्यक्ष गणेश भार्गव ने बताया कि यह कावड यात्रा छबडा से 8 किमी दूर गुगोर स्थित बिजासन माता मंदिर से सुबह 9 बजे रवाना होगी। इससे पूर्व कावडिए सुबह गुगोर पहुंचेंगे और यहां पार्वती नदी का जल अपने-अपने पात्रो में भरेंगे। कावड़ियों को गुगोर तक जाने के लिए अहिंसा सर्किल व आजाद सर्किल से निःशुल्क वाहनों की व्यवस्था भी रहेगी। बीजासन माता मंदिर से शुरू होने वाली यह कावड यात्रा आंचोली, महेशपुरा गांव व मुख्य मार्गों से होते हुए कैलाश पर्वत पर स्थित नागेश्वर मंदिर पर पहुंचेगी। यहां कावड़ियों द्वारा नागेश्वर मंदिर पर बाबा का धार्मिक विधि-विधान के साथ जलाभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात् क़ावड़िये व शिवभक्त भंडारे का लुत्फ उठाएंगे। भार्गव के अनुसार नागेश्वर मंदिर पर अखण्ड रामायण पाठ भी चल रहा है, जो भी भक्त रामायण पाठ करवाना चाहते हैं वह प्रति रामायण 2100 व वार्षिक 5100 रुपए राशि जमा करवा कर करवा सकते हैं।

### जनसुनवाई कल से

**कोटा,** (निसं)। आमजन की समस्याओं की सुनवाई, त्वरित समाधान एवं नागरिकों को सुशासन उपलब्ध कराने के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत, उपखण्ड एवं जिला स्तर पर क्रमशः 1, 8 व 16 अगस्त को जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 1 अगस्त को समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय या ग्राम पंचायत द्वारा चिन्हित जनसुनवाई स्थल पर आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई 8 अगस्त को पंचायत समिति या उपखंड अधिकारी द्वारा चिन्हित जनसुनवाई स्थल पर की जाएगी। जिला स्तरीय जनसुनवाई माह के तृतीय गुरूवार को राजकीय अवकाश होने से आगामी कार्य दिवस शुक्रवार 16 अगस्त को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की जाएगी।

### 'अंगदान एक नया जीवन देने का संकल्प'

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा एवं गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज कोटा के संयुक्त तत्वावधान में 30 जुलाई को आर टी यू कोटा में अंगदान जाग्रति व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर एस के सिंह ने अंगदान के महत्व के बारे में जागरुक किया एवं डीन फैकल्टी अफेयर प्रोफेसर ए के द्विवेदी ने अंगदान को महादान बताया। कार्यक्रम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज कोटा से डॉक्टर निलेश जैन, डॉक्टर दिलीप माहेश्वरी व उनकी टीम ने अंगदान जाग्रति कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विश्ववविद्यालय के शिक्षकगण, स्टाफ व छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में एन एस एस चीफ कॉर्डिनेटर डॉक्टर राजेश भट्ट एवं उनकी टीम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### माँ भारती में इंटर हाउस कॉम्पीटीशन

**कोटा,** (निसं)। माँ भारती सीनियर सैकण्डरी स्कूल (सीबीएसई) स्वामी विवेकानंद नगर में ग्रुप सोंग व ग्रुप डांस इंटर हाउस कॉम्पीटीशन हुआ, जिसके अंतर्गत चारों हाउस के विद्यार्थियों ने देशभक्ति, मातृ-पितृ भक्ति, ईश्वर भक्ति पर आधारित सोंग व राजस्थानी, कश्मीरी, पंजाबी, हॉरर, रेट्रो टू मेट्रो आदि नृत्यों पर जोश के साथ रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी।

## शक्ति दिवस पर एनीमिया की दवाई दी

**कोटा** (निसं)। एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत मंगलवार को आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्रों, स्कूलों में शक्ति दिवस आयोजित हुआ। लक्षित बच्चे, किशोर-किशोरी, धात्री माताएं, गर्भवती व प्रजनन उम्र की लाभार्थी महिलाओं की एनीमिया स्क्रीनिंग की गई। साथ ही हीमोग्लोबिन की जांच कर आईएफए (आयरन फोलिक एसिड) दवाई का निःशुल्क वितरण किया।एनीमिया रोग के लक्षण, बचाव, उपचार की जानकारी दी। पौटिष्क, आयरनयुक्त फल-सब्जी, संतुलित आहार लेने की हिदायत दी। छोटे बच्चों को मौके पर ही आएएफए की सिरप पिलाई गई। सीएमएचओ डॉ जगदीश कुमार सोनी ने बताया कि आईएफए दवाई की खुराक लेने से शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी पूर्ती होती है। जिससे एनीमिया के संभावित खतरों से बचाव होता है। साप्ताहिक रूप से हर मंगलवार को शक्ति दिवस मना रहे हैं।

# कक्षा 9 और 10 में पढ़ रहे बच्चों के लिए आकाश इंस्टीट्यूट ने जे.एन.डी. लाँच किया

■ नीट या आईआईटी, कैरियर के लिए क्या रहेगा बेहतर, ये जानना हुआ आसान

**कोटा,** (निसं)। आकाश इंस्टीट्यूट नें राजस्थान की सभी ब्रांच पर जे.एन.डी. लाँच किया। यह प्रोग्राम केवल राजस्थान में ही उपलब्ध है। यह प्रोग्राम कक्षा 9 और कक्षा 10 में पढ़ने वाले उन बच्चों के लिए है, जो डॉक्टर या इंजीनियर बनना चाहते हैं, लेकिन यह निष्कर्ष नहीं निकाल पा रहे हैं कि मेडिकल कैरियर चुनें या इंजीनियरिंग कैरियर चुनें।

जेएनडी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और नीट आईआईटी के वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा तैयार किया गया एक टूल है जो बच्चों में अंतर्निहित अभिरुचियों को पहचान कर बच्चे को यह बताने में मदद करता है कि इस समय बच्चे के आंतरिक झुकाव किसकी तरफ़ अधिक है, नीट की तरफ़ या आईआईटी की तरफ जेएनडी, एक चार स्तरीय प्रश्नपत्रों का समूह है। जिसमें हर स्तर का प्रश्नपत्र अलग अलग तरीक़े का है। यह एक रोचक तरीक़ा है जिसमें बच्चे की रुचियों को जानकर उसके आंतरिक प्राकृतिक झुकाव को समझने का प्रयास किया जाता है। पहले स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार किया गया प्रश्नपत्र है जिसमें बच्चे को अपनी रुचियों के अनुसार मैच करना होता है।

दूसरे और तीसरे स्तर पर मनोवैज्ञानिक सवाल हैं। चौथे स्तर के सभी सवाल डायग्राम आधारित हैं और कैलकुलेशन में लगने वाले समय के आधार पर यह समझने की कोशिश की जाती है कि कैलकुलेशन करने में बच्चे का रुझान कितना कम या कितना अधिक है। यह टूल एक दो नहीं चार स्तरीय है, इसलिए अंतर्निहित अभिरुचियों के निकटतम पहुँचने का उत्कृष्ट प्रयास है। वो बच्चे जो अपेक्षाकृत अधिक सिंसियर हैं और वो माता-पिता जो अपेक्षाकृत अधिक जानकार हैं, उनके लिए यह टूल बड़ा मददगार साबित होगा। ऐसे बच्चे जो पहले से ही नीट या आईआईटी के लिए तैयार हैं लेकिन यह निश्चित नहीं कर पा रहे कि आईआईटी या नीट, यह टूल उनके लिए है। संस्थान क्यूआर उपलब्ध करवा रहा है। जिसे स्कैन करके माँगी गई जानकारी भेजने के बाद संस्थान एक-एक करके ऐसे बच्चों से संपर्क करेगा और यह टेस्ट करवाकर, उसके रिजल्ट की समीक्षा सहित मार्गदर्शन फ्री में उपलब्ध करवायेगा।

# 'लाइट्स पोर्टल पर न्यायिक प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करें'

■ 'तीन माह से अधिक की अवधि के कोई भी न्यायिक प्रकरण लम्बित न रहें'

**झालावाड़,** (निसं) न्याय विभाग के पोर्टल लाईट्स पर न्यायिक प्रकरणों के निस्तारण एवं उनकी प्रगति की समीक्षा बैठक मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर सत्यनारायण आमेटा की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने लाईट्स पोर्टल में जवाबदावा पेश करने से शेष 3 माह से 1 वर्ष एवं 1 वर्ष से अधिक के न्यायिक प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए उनमें नियमानुसार कार्यवाही करते हुए शीघ्र निस्तारण करवाने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए।

बैठक में उन्होंने राज्य सरकार के विरूद्ध निर्णित प्रकरणों की पालना व अपील से शेष न्यायिक प्रकरण (3 माह से 1 वर्ष एवं 1 वर्ष से अधिक), न्यायिक प्रकरणों में आगामी सुनवाई की तिथि का अद्यतन एवं इन्द्राज तथा 10 से 20 वर्ष एवं 20 वर्ष से अधिक अवधि के लम्बित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विभागों में लम्बित चल रहे न्यायिक प्रकरणों के निस्तारण के कार्य को गंभीरता से लेते हुए व्यापक मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी विभाग में तीन माह से अधिक की अवधि के कोई भी न्यायिक प्रकरण लम्बित न रहे अन्यथा संबंधित अधिकारी एवं नोडल अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# मूंगफली का तेल सीज कर पांच नमूने लिए

**कोटा,** (निसं)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत मंगलवार को अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा पंकज ओझा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा दल ने रानपुर इंडस्ट्रीयल एरिया में शिवम एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज पर छापा मारा। वहां पोस्टमैन, वनस्थली निवाई मूंगफली तेल, राजस्थान मूंगफली तेल, मालवा, रिद्धि सिद्धि ब्रांड से खाद्य तेल तैयार हो रहा था।

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि शिवम पोस्टमैन वनस्थली निवाई का मिस ब्रांड कर तेल बनाया जा रहा था। एक ही तेल पांच अलग-अलग तरह की पैकिंग में बेचा जा रहा था। कार्रवाई के दौरान वहां 4760 लीटर मूंगफली का तेल और लगभग 450 लीटर तिल्ली का तेल के अलावा टैंकों में लगभग ढाई हजार लीटर तेल अलग से भरा मिला। टीम ने 7700 लीटर से अधिक मूंगफली तेल संदेह होने पर सीज कर 5 नमूने लिए हैं। इस इण्डस्ट्रीज के मालिक महेश मेघानी बताए गए हैं।

# वाटरप्रूफ बॉक्स व लिफाफे अलग-अलग कीमत पर उपलब्ध

■ रक्षाबंधन पर डाक विभाग का तोहफा,

■ वाटरप्रूफ लिफाफे में राखियां भेज सकेंगी बहनें, बूंदी प्रधान डाकघर से मिलेंगे लिफाफे

**बूंदी** (निसं)। बहन भाई के अटूट स्नेह के त्यौहार रक्षाबंधन पर भाइयों से पहले भारतीय डाक विभाग ने बहनों की रक्षा के लिए वाटरप्रूफ लिफाफे के साथ ही इस बार डाक विभाग ने उपहार व मिठाई के लिए अलग से वाटरप्रूफ बॉक्स का तोहफा दिया है। इस बार लिफाफे व बॉक्स की क्वालिटी पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

रक्षाबंधन को देखते हुए भारतीय डाक विभाग ने 10, 15 व 30 रु की कीमत वाले वाटरप्रूफ बॉक्स व लिफाफे तैयार किए है। ये लिफाफे पिंक व ऑफ व्हाइट कलर के है, जिनके ऊपर राखियां भी प्रिंट की गई है। पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन के लिए डाक विभाग ने अपनी तैयारी करते हुए बारिश के मौसम में राखियां भीग कर खराब ना हो इसके लिए विशेष वाटरप्रूफ लिफाफे और राखी बॉक्स उपलब्ध करवाए है। आसानी से नहीं फूटने वाले दो साइज के लिफाफे मात्र 10 रू, 15 रू व राखी बॉक्स मात्र 30 रू में विक्रय के लिए सभी ग्राम पंचायत लेवल के डाकघरों तक भी उपलब्ध है। जिसे आमजन अपने निकटतम डाकघर से खरीद सकते हैं। आमजन अपने क्षेत्र के डाक वितरण स्टाफ या पोस्टमैन से संपर्क करके डाक राखी की बुकिंग व राखी लिफाफा/बॉक्स घर बैठे ही बुक करवा सकते है। घर बैठे पिक अप फैसिलिटी भी उपलब्ध है। पोस्टमैन आपके घर से ही डाक बुकिंग के लिए डाकघर से बुकिंग करवाकर आपको रिसिप्ट अगले दिन दे दी जाएगी। डाकघरों में राखी बुकिंग के लिए अलग से विशेष काउण्टर की भी व्यवस्था की गई है। जहां पर लोगों की भीड़ से राहत मिल सकेगी। डाकघर में बुकिंग के लिए किसी भी समस्या के लिए कार्यालय अधीक्षक, डाकघर टोंक मण्डल 01432-254496, 253297 या पोस्टमास्टर बूंदी हैड ऑफिस 0747-2456740 नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।


**कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर**

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, कोटा

email : nnkota@gmail.com, websites : www.kotamc.org, Ph.: 0744-501903

क्रमांक : ननिको(उ)/निर्माण/2024/4821-32 दिनांक : 29.07.2024

**-:: निविदा निरस्त सूचना ::-**

इस कार्यालय द्वारा नगर निगम कोटा उत्तर नयापुरा स्थित महाराव उम्मेदसिंह स्टेडियम का रख-रखाव कार्य की निविदा क्रमांक/ननिको(उ)/निर्माण/2023/691-764 दिनांक 05.07.2024 के द्वारा ई-निविदा सूचना कमांक 02/2024-25 **(UBN No. DLB2425W50802618 & NIB No. DLB2425A0813)** आमंत्रित की गई थी, जिसको अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता हैं।

अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम, कोटा उत्तर

राज.संवाद/सी/24/3062

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति ''विशिष्ट श्रेणी'' बून्दी (राज0)**

कमांक :-270-352 दिनांक :- 26.07.2024

**सूचना**

मण्डी समिति की आवंटन सूचना कमांक 1059-69 दिनांक 30.06.2017 एवं संशोधित सूचना क्रमांक 1086-96 दिनांक 07.07.2017 एवं 800-822 दिनांक 29.07.2021 एवं 259-274 दिनांक 10.06.2022 से नवीन कृषि उपज मण्डी प्रांगण (कुंवारती) बून्दी में द्वितीय एवं पश्चातवर्ती चरणों के आवंटन के क्रम में निर्धारित दिनांक 30.06.2022 तक प्राप्त आवेदन पत्रों की अस्थाई सूची परिशिष्ट 1, 2, 3 एंव 4 आज दिनांक 26.07.2024 को जारी कर दी गई है, जिसका नोटिस बोर्ड कार्यालय नवीन कृषि उपज मण्डी प्रांगण कुवांरती बून्दी एवं पुरानी अनाज मण्डी प्रांगण बून्दी में अवलोकन किया जा सकता है।

अस्थाई सूची के सम्बन्ध में दिनांक 12.08.2024 तक आपत्तियां मण्डी समिति कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकेगी। प्राप्त आपत्तियों पर आवंटन समिति द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा।

राज.संवाद/सी/24/3036 सचिव

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक-787 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक 30.7.2024

नगर विकास न्यास कोटा की श्रीरामकृष्णपुरम-ई योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 298 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 29.12.2001 को श्री अजय कृष्ण शर्मा पुत्र श्री रामबाबू शर्मा को किया गया था। आवंटी श्री अजय कृष्ण शर्मा पुत्र श्री रामबाबू शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती सीमा रानी पत्नी श्री विजय बहादुर सिंह द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 26.06.2024 को श्री अनिल कुमार पेशवानी पुत्र श्री नानक चंद को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 298 योजना श्रीरामकृष्णपुरम-ई का नाम हस्तान्तरण श्री अनिल कुमार पेशवानी पुत्र श्री नानक चंद के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-एफ15/कृ.भू.रू./2024/1766 **विज्ञप्ति** दिनांक 29.7.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम तेखड़ा योजना अक्षरधाम कोलोनी खसरा नं. 7, 8 में स्थित भूखण्ड संख्या ए-69 के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में श्री हरिप्रकाश मालव पुत्र श्री जगन्नाथ मालव निवासी ग्राम हरिपुरा मांझी, ग्राम पचांयत ढोटी, पचांयत समिति सांगोद, तहसील कनवास जिला कोटा राज.द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 817 दिनांक 15.07.2013 को श्री जगन्नाथ मालव पुत्र श्री चतुर्भुज मालव के पक्ष में जारी किया गया था। आवेदक द्वारा संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार पट्टेधारी की मृत्यु दिनांक 17.11.2022 को हो चुकी है। पट्टेधारी श्रीमती प्रसन्ना देवी की मृत्यु उपरांत विधिक वारिसान (1) श्रीमती प्रेमलता मालव (2) प्रमोद कुमार मालव (3) कमलेश (4) शशिकला एवं (5) चित्रलेखा द्वारा श्री हरिप्रकाश मालव पुत्र श्री जगन्नाथ मालव के पक्ष में पंजीकृत रिलीज डीड दिनांक 15.05.2024 से उक्त भूखण्ड का हक त्याग कर दिया है। आवेदक द्वारा (1) रिलीज डीड (2) शपथ पत्र एवं (3) मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नाम हस्तांतरण चाहा गया है।

अतः श्री हरिप्रकाश मालव पुत्र श्री जगन्नाथ मालव के नाम हस्तान्तरण किये जाने में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उप सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)**

क्रमांकः LU2012/KOT/2024.25/100739 **लोक सूचना** दिनांकः 27.07.2024

श्री Ishawar Lal Saini पुत्र श्री Ghasi Lal जाति Mali निवासी A/R-86 Sector-A RK Puram Kota ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिघृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है. अर्थातः-

| क्र.सं. | ग्राम व तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) | क्षेत्रफल (हैक्ट.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मानपुरा, लाडपुरा (कोटा) | 1. Jitendra S/o Hajari Lal 2. Dev Karan S/o Hajari Lal 3. Dhanpal S/o Hajari Lal 4. Raj Kumar S/o Hajari Lal Caste Meena Sa-Deh Khatedar | 298/171 East Side Part | 1050 | 0.105 |
| 2. | मानपुरा, लाडपुरा (कोटा) | Brijmohan S/o Ram Narayan Caste Meena Sa-deh Khatedar | 299/171 | 10850 | 1.085 |
| | | | | कुल | 1.19 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सुचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 27-07-2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)**

क्रमांकः LU2012/KOT/2024.25/100738 **लोक सूचना** दिनांकः 27.07.2024

श्री Ishawar Lal Saini पुत्र श्री Ghasi Lal जाति Mali निवासी A/R-86 Sector-A RK Puram Kota ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिघृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है. अर्थातः-

| क्र.सं. | ग्राम व तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) | क्षेत्रफल (हैक्ट.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मानपुरा, लाडपुरा (कोटा) | 1. Dhanraj Shakywal S/o Hukum Chand Caste-Koli Niwasi Dhobiyo Ke Mandir Ke Pass Shripura Kota Khatedar | 172 | 5100 | 0.51 |
| 2. | मानपुरा, लाडपुरा (कोटा) | 1.Jitendra S/o Hajari Lal 2.Devkaran S/o Hajari Lal 3.Dhanpal S/o Hajari Lal 4.Raj Kumar S/o Hajari Lal Caste Meena Sa. Deh. Khatedar | 304/173 | 500 | 0.05 |
| 3. | मानपुरा, लाडपुरा (कोटा) | 1. Jitendra S/o Hajari Lal 2. Devkaran S/o Hajari Lal 3. Dhanpal S/o Hajari Lal 4. Raj Kumar S/o Hajari Lal Caste Meena Sa. Deh. Khatedar | 298/171 West Side Part | 5600 | 0.56 |
| | | | | कुल | 1.12 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सुचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 27-07-2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

**कार्यालय नगर निगम, कोटा-उत्तर**

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, नगर निगम, कोटा

Email : nnkota@gmail.com,websites : www.kotamc.org, Ph.: 0744-501903

क्रमांक :-ननिको(उ0)/ निर्माण / 2024/4833-42 दिनांक :- 29.07.2024

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कोटा उत्तर के अधीनस्थ वार्डो में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत स्वीकृत बी.एल.सी. घटक के अंतर्गत निम्न परिवारों द्वारा प्रथम किश्त/द्वितीय किश्त प्राप्त करने के उपरान्त प्रधानमंत्री आवास का निर्माण नही करवाया जा रहा है। अतः निम्न परिवारों को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो सात दिवस के भीतर नगर निगम कोटा उत्तर में जवाब प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्राप्त नही होने पर निम्न लाभर्थियों का कटोती प्रस्ताव केन्द्र/राज्य सरकार को भिजवा दिया जाएगा एवं केन्द्र/राज्य सरकार के निर्देशानुसार कार्यवाही की जावेगी जिसके लिये लाभार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

| S.N. | Beneficiary_Code | Name | Father Name | Address |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 0308800609589059887 | Abdul Sattar | Kallu Kha | Cement Godam Ki Gali Nehru Nagar,BHimgangmandi station,Rajasthan,Kota,Kota |
| 2 | 0308800609589054669 | Allah Baksh | Chote Kha | Rangpur road Bhimganjmandi,Kota junction,Rajasthan,Kota,Kota |
| 3 | 0308800609589826191 | Anita Gaur | Rakesh Singh Gour | Bus Stand,Nayapura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 4 | 0308800609588996380 | Bhanwar Lal | Ram Kishan | Dhakarkheri,Dhakarkheri,Rajasthan,Kota,Kota |
| 5 | 0308800609589057867 | Chanda Bai | Id Mohhamad | Nehru Nagar Telghar,Rangpur,Rajasthan,Kota,Kota |
| 6 | 0308800609593732246 | Chhitar Lal | Nathu Lal | Thakur ji ke mandir ke pass,Daslana,Rajasthan,Kota,Kota |
| 7 | 0308800609589471344 | Deva Gurjar | Rang Lal gurjar | Sarvodhya School Ke Piche Nanda Ki Badi,Kherli Fatak,Rajasthan,Kota,Kota |
| 8 | 0308800609589869128 | Dhanna Lal | Kishori Lal | Thakur Ji Ke Mandir Ke pass,Bada sogriya,Rajasthan,Kota,Kota |
| 9 | 0308800609589421135 | Durgesh Rathore | Mahaveer Prasad Rathore | Bus Stand Ke Piche Shiv Mandir ke pass,Nayapura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 10 | 0308800609590093463 | Geeta Nagar | Girdhari Lal | B 8/4 Civil Lines,Nayapura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 11 | 0308800609589074589 | Harish Kumar Suman | Satya narayan | Ganesh Mandir ke Pass Khand Ganwasi,Nayapura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 12 | 0308800609589824263 | Indra Kumar | Ram Lal | House No. 468 Mukti Marg,Nayapura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 13 | 0308800609590030932 | Javed | Abdul Sattar | Chaman Hotel Ke Piche,Nayapura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 14 | 0308800609590214016 | Kalavati Bai | Prabhu Lal | Banwari Krina store ke pass,Indra Gandhi Nagar,Rajasthan,Kota,Kota |
| 15 | 0308800609589419941 | Kalu Lal Kodap | Gangaram | New Colony Bus stand,Nayapura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 16 | 0308800609590184035 | Kalu Singh | Laddu lAL | Devnarayan Mandir ke Pass,Prem Nagr 2,Rajasthan,Kota,Kota |
| 17 | 0308800609589433989 | Khalil Rahaman | Abdul Rahaman | Chaman Hotel ke piche Nehru Colony,Nayapura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 18 | 0308800609589638038 | Kishan Gopal | Lakha | Mandir Area,Arjnpura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 19 | 0308800609588992866 | Latur Lal Kahar | Mofu Lal | Ramdev mandir ke pass,Dostpura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 20 | 0308800609589161690 | Mahavir | Keshri Lal | Police Chouki Ke Pass Civil Lines,Dostpura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 21 | 0308800609589184071 | MAKABUL AHMAD | TULLA KHAN | RAY/264 GUSHAN MASJID KE PASS,SAJI DEHDA,Rajasthan,Kota,Kota |
| 22 | 0308800609589482173 | Manoj Kumar Suman | Dolotram Ji Suman | Near Shanker Bhojnalay,Nayapura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 23 | 0308800609593693814 | Moh Ismail | Chothe Khan | Bhim Ganj Mandi,Nehru Nagar,Rajasthan,Kota,Kota |
| 24 | 0308800609589154418 | MOHANI BAI | SHISHUPAL NAYAK | 26-B GANDHI NAGAR,VIGYAN NAGAR KOTA,Rajasthan,Kota,Kota |
| 25 | 0308800609589172271 | Mohd Akram | Abdul Jahir | aushadhalya ke Samne masjid,Nayapura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 26 | 0308800609589528822 | Nadeem Khan | Jalee Khan | pratap Nagar Mil Wale Baba Colony,Kota Jn.,Rajasthan,Kota,Kota |
| 27 | 0308800609589785284 | Naved Khan | Abdul Moin Khan | Masjid Ke Pass,Nayapura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 28 | 0308800609589544858 | Om Prakash Gurjar | Prahlad Gurjar | Nanda ki Badi,Khedli Phatak,Rajasthan,Kota,Kota |
| 29 | 0308800609537457073 | Pannalal | BHERU LAL | JAGANNATH PURA,KOTA,Rajasthan,Kota,Kota |
| 30 | 0308800609589035816 | Pradeep Kumar Prajapati | Sitaram Prajapati | Near Panchwati Nagar,Kunhadi,Rajasthan,Kota,Kota |
| 31 | 0308800609508037130 | Pramod Mehra | Bhanwar Lal | New Colony Bus Stand,Nayapura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 32 | 0308800609588952853 | Rajanti Bai | Jaganath | Khari Bawdi Borkheda,Bhorkheda,Rajasthan,Kota,Kota |
| 33 | 0308800609589164650 | Ram Swaroop | Ramdev | Veshnav Mata Mandir Ke Samane,Prem Nagar 3,Rajasthan,Kota,Kota |
| 34 | 0308800609588959148 | Ramdas | Ratan lal | Beed ke Bala ji bapu colony,Kunhadi,Rajasthan,Kota,Kota |
| 35 | 0308800609589754542 | Ramesh Chand | Chotu Lal | Power House DCM,Indira Gandhi Nagar,Rajasthan,Kota,Kota |
| 36 | 0308800609589449343 | Ramnath | Bhairulal | 104 Mandir K Pass,Dasalan Naya Nohra,Rajasthan,Kota,Kota |
| 37 | 0308800609589601592 | Rinku Pedawa | Hemraj | Khari Bawari,Kota Junction,Rajasthan,Kota,Kota |
| 38 | 0308800609589649334 | Roop Bai Meena | Suresh Kumar Meena | Laxmi vihar,Bhavani Mandi ke pass,Rajasthan,Kota,Kota |
| 39 | 0308800609589903355 | Salim Qureshi | Bundu Qureshi | Chaman Hotel Ke Piche ismail Chowk,Nayapura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 40 | 0308800609589980476 | Sandip | Ashok Kumar | Islam Chok,Nayapura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 41 | 0308800609589825016 | Satynarayan Malav | Ram Nath | dev Narayan Mandir Ke Pas,Daslana,Rajasthan,Kota,Kota |
| 42 | 0308800609589789178 | Shahnabaj | Umardraj | Nehru Colony,Nayapura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 43 | 0308800609589870376 | Shivraj | Radmaji | baran main Road,Manipura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 44 | 0308800609589825157 | Shubham Meena | Surendra Meena | Lakadi Ki tal Ke Pass,Nayapura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 45 | 0308800609588970542 | Sugana Bai | Prem Chand | Near Sulab complex Nayapura,Nayapura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 46 | 0308800609591297423 | Sunil Meena | Laxmichand Meena | B-87, Shrinathpuram,B, Engineering collage,shrinathpuram,Rajasthan,Kota,Kota |
| 47 | 0308800609589418845 | Vijay Kodap | Ramkaran kodop | New colony Bus stand,Nayapura,Rajasthan,Kota,Kota |
| 48 | 0308800609589028764 | Vijay Kumar | Anandi Lal | house no.135 rang pur road 2 dadwara,dadwara,Rajasthan,Kota,Kota |

राज.संवाद/सी/24/3067 आयुक्त

## सार-समाचार

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार



**छबड़ा** (निसं)। दस दिन पूर्व बापचा थाना क्षेत्र के छत्रपुरा गांव में आपसी रंजिश के चलते दो पक्षो में हुए झगडे के दौरान जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। बापचा थानाधिकारी बुद्धराम जाट ने बताया कि छत्रपुरा गांव में सरकारी बाडे को लेकर दो पक्षो में चल रहे विवाद के चलते 19 जुलाई को सागरसिंह गुर्जर का पुत्र दीपक (10) मोरपाल की ओर शौच के लिए गया था। यहां कहासुनी होने पर दोनो पक्ष आमने-सामने हो गए। इस पर बृजमोहन, विजयसिंह, सूरज, बलराम, धनराज, रायसिंह, भारतसिंह गुर्जर ने लट्ठ गंडासी से जानलेवा हमला कर सागरसिंह व इसके पिता रामस्वरूप गुर्जर को गंभीर घायल कर दिया था। दोनो के सिर व हाथ पैरो में गंभीर चोटे आई थी। इस मामले में पुलिस ने बलराम (26) पुत्र हरगोविंद गुर्जर निवासी छत्रपुरा को गिरफ्तार कर लिया हैं।

### शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक हुई

**छीपाबड़ौद** (निसं)। स्थानीय ब्लॉक में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन समग्र शिक्षा के स्थानीय कार्यालय के सभागार में हुआ। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भगवत किशोर नामदेव ने की, बैठक में कार्यक्रम प्रभारी समग्र शिक्षा सूर्य प्रकाश शर्मा एवं ब्लॉक की सभी पंचायतो से पदेंन पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे एसीबीईईओ नामदेव ने बताया कि जुलाई माह में विभिन्न प्रकार की विभागीय गतिविधियों संचालित की जा रही है, इन गतिविधियों की प्रगति को बेहतर बनाने के लिए समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिससे कि ब्लॉक स्तरीय रैंकिंग को बेहतर बनाया जा सके। बैठक में डिजिटल प्रवेश उत्सव की क्या प्रगति रही, कितने शिक्षकों ने डिजिटल प्रवेश उत्सव एप्लीकेशन द्वारा सर्वे किया गया, कितने परिवारों का सर्वे किया, कितने बालकों को डिजिटल प्रवेश उत्सव के माध्यम से विद्यालय में प्रवेश दिया गया। डिजिटल प्रवेश उत्सव ऐप से सर्वे के दौरान कितने बच्चे नामांकित एवं ड्राप आउट पाए गए, हाउसहोल्ड सर्वे, शाला सम्बलन के दौरान विभिन्न अधिकारियों द्वारा जारी किए गए टिकटों पर आपके द्वारा क्या कार्रवाई की गई। आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई।कार्यक्रम प्रभारी सूर्य प्रकाश शर्मा ने बताया की बैठक के एजेंडा के अनुसार चर्चा के प्रमुख बिंदु इस प्रकार रहे - बाल गोपाल योजना के अंतर्गत एक्सपायरी दूध एवं दैनिक वितरण और रखरखाब, प्रत्येक पंचायत शिक्षा अधिकारी अपने अधीनस्थ संस्था प्रधानों की समीक्षा बैठक प्रति सोमवार अपने कार्यालय में आयोजित करें, जिससे कि विभागीय गतिविधियों की उत्तरोत्तर प्रगति हो सके, विभागीय गतिविधियों को समय पर संपादित करने के लिए पंचायत स्तरीय कोर ग्रुप का गठन किया जाए।

### एबीवीपी की नवीन कार्यकारिणी घोषित



**छबड़ा** (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पाली की नवीन कार्यकारिणी घोषणा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें नगर की सत्र 2024-25 की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश लववंशी एवं नगर मंत्री राजेंद्र मीणा को बनाया गया। तत्पश्चात् नगर अध्यक्ष द्वारा 2024.25 के लिए घोषित की गई कार्यकारिणी में सहमंत्री रामधन लोधा, संतोष मीणा, नगर एसएफडी संयोजक नरेंद्र लोधा, सहसंयोजक गजराज गुर्जर, नगर एसएफएस संयोजक रामराज लोधा, सहसंयोजक सुरेश मीणा, नगर खेल संयोजक रामनिवास मीणा, सहसंयोजक बिट्ठल मीणा, विद्यालय संयोजक हरीश साहू, सह संयोजक रामराज गुर्जर, सोशल मीडिया संयोजक सत्यनारायण लोधा, कला मंच संयोजक सुनील अग्रवाल, सहसंयोजक जसवंत गुर्जर आदि को बनाया गया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख मुकेश सोनी का प्रवास रहा।

### युवा कांग्रेस के नए जिला प्रभारी नियुक्त

**रावतभाटा,** (निसं)। युवा कांग्रेस राजस्थान की और से जारी की गई नई लिस्ट में प्रदीप कुमार मीणा एडवोकेट को चित्तौड़गढ़ युवा कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया गया है। रवि शंकर वैष्णव जावदा ने जानकारी देते हुए बताया है की प्रदीप कुमार मीणा पूर्व में बांसवाड़ा युवा कांग्रेस के सह प्रभारी के रूप में कार्य कर रहे थे, बांसवाड़ा में प्रदीप कुमार मीणा ने युवा कांग्रेस को काफी मजबूती प्रदान की है, जिससे शीर्ष नेतृत्व ने वरिष्ठ सचिव पद पर पदोन्नत करते हुए, चित्तौड़गढ़ जिले की युवा कांग्रेस के प्रभारी के रूप में बागडोर सौंपी है, प्रदीप कुमार मीणा मूलत मांडलगढ़ विधानसभा के निवासी हैं जो चित्तौड़गढ़ जिले की सीमा के समीप है। प्रदीप कुमार मीणा के प्रभारी लगने से चित्तौडगढ़ युवा कांग्रेस को नई ऊर्जा मिलेगी तथा आगामी दिनों में यूवा कांग्रेस-छात्रो एवं बेरोजगार युवाओं के हितों को लेकर मुखर होगी। इस मौके पर बेगूं विधानसभा क्षेत्र के बेगूं और रावतभाटा के युवा कार्यकर्ता ने खुशी जाहिर की हैं।

### स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

**छबड़ा** (निसं)। उच्च माध्यमिक विद्यालय बापचा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संदर्भ व्यक्ति शंकरलाल नागर, बापचा पीईईओ बालकिशन शर्मा ने बताया कि सीबीईओं ओमप्रकाश शर्मा, बापचा सरपंच महेंद्रसिंह गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य एडवोकेट दिग्विजयसिंह एडवोकेट, संस्था प्रधान बालकिषन शर्मा आदि द्वारा पौधरोपण करते हुए आमजन को भी वृक्षारोपण कर प्रकृति में प्राणवायु के संतुलन बनाए रखने में सहयोग करने का आव्हान किया। सरपंच गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य सिंह ने कहा कि एक पेड़ धरती माता के नाम लगाए। साथ ही, ग्रामीणों से परिवार में जितने सदस्य है, हम उतने पेड़ लगाने का आव्हान किया। पौधरोपण बाद सीबी ओ गालव ने बापचा स्टाफ़ की बैठक ली, जिसमें स्कूल की षिक्षण व्यवस्था पर संतोश व्यक्त किया।

### जिला कलेक्टर जनसुनवाई करेंगे

**झालावाड़** (निसं)। त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आमजन की समस्याओं की सुनवाई एवं उनके निस्तारण के लिए अगस्त माह के प्रथम गुरूवार एक अगस्त को प्रातः 11 बजे पंचायत समिति डग की ग्राम पंचायत डग में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत कलमण्डीकला व चन्दीपुर भी जनसुनवाई के दौरान वीसी के माध्यम से जुड़ेंगी। जनसुनवाई की मॉनिटरिंग वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से मुख्य सचिव महोदय के कार्यालय से की जाएगी। इस दौरान संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी एवं अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

### ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई कल

**बूंदी** (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरुवार को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

# 'प्रबुद्धजन आगे आयें तो बचे बूंदी के रियासतकालीन मेलों की परम्परा'

■ श्रावण मास में हर सोमवार को होता रहा है मेलों का आयोजन

**बून्दी** (निसं)। हाडौती की संस्कृति मेले उत्सवों के आयोजनों से अछुति नहीं हैं, यहाँ के निवासी हर मौके पर मौज मस्ती के बहाने निकाल लेते हैं, ऐसे मे श्रावण का महिना हो, गरजते बादलों से बरसते पानी की बून्दें हो और चारों ओर हरियाली का साम्राज्य हो तो ऐसा मौसम खाली नहीं हो सकता।

बून्दी के वासियों ने ऐसे मौसम का आनन्द लेने के लिए श्रावण के प्रत्येक सोमवार को मेलों की परम्परा स्थापित की, वैसे तो इन मेलों के आयोजन से कोई विशेष परम्परा नहीं जुडी हैं, केवल मौसम का आनन्द लेने और श्रावण के सोमवार को महादेव के दर्शन और प्रकृति भ्रमण के मौके ने मेलों को जन्म दिया। यह मेले केदारनाथ का मेला (श्रावण का पहला सोमवार), गणेशबाग का मेला (श्रावण का दूसरा सोमवार), अभयनाथ का मेला (श्रावण का तीसरा सोमवार) और वैद्यनाथ का मेला (श्रावण का चौथा सोमवार) नाम से जाने जाते हैं, इसी दौरान बून्दी के किले के पीछे पहाडी पर स्थित चामुण्डा माता का मेला श्रावण मास की अष्ठमी पर आयोजित होता आ रहा है, तो श्रावणी अमावस्या पर मोरडी की छतरी नवल सागर की पाल पर भी मेले का आयोजन हुआ करता था। जिनमें यहाँ की जनता यथा-बाल-बच्चे, महिलायें, जवान, बुजुर्ग सभी इन मेलों का लुत्फ लेते हुए, महादेव की आराधना और प्रकृति का आनन्द लेते हैं।

लोकानुरंजन के नर्व के रूप में आयेजित होने वाले इन मेलों मे से श्रावणी अमावस्या पर मोरडी की छतरी का मेला, केदारनाथ का मेला (श्रावण का पहला सोमवार), अभयनाथ का मेला (श्रावण का तीसरा सोमवार) और वैद्यनाथ का मेला (श्रावण का चौथा सोमवार) का मेला लुप्त हो चुका हैं। वहीं तारागढ की पहाडी पर होने वाला चामुंडा माता व डोबरा का मेला भी शनै शनै विलुप्त होने की ओर अग्रसर हैं। वहीं श्रावण मास के पहले आषाढत्र मास के प्रत्येक रविवार को गौ भक्त झोझू जी की स्मृति में बालचंद पाडा में लगने वाले झोझू जी के मेले भी दशकभर पूर्व विलुप्त हो चुके हैं।

हर वर्ष की तरह इस बार भी तारागढ़ की पहाड़ी पर स्थित डोबरा का रियासत कालीन मेला रविवार को समाप्त हो गया और सोशल मीडिया पर मेले की संस्कृति को खत्म करने का सवाल आमजन के बीच फिर छोड गया। पर संस्कृति को खत्म होने से बचाने के लिये प्रयास धरातल पर नजर नही आये और बूंदी वासी अपनी पुरानी आदत अनुसार सोशल मीडिया पर ही सक्रिय रहे। कुछ वर्ष पूर्व तक रियासत काल से पूर्व राजपरिवार के सदस्य रणजीत सिंह के समय तक चामुंडा माता मंदिर व डोबरा महादेव जाने वाले भक्तगण गढ़ पैलेस के अन्दर से जाया करते थे परन्तु गत तीन वर्षो से गढ प्रबन्धन द्वारा कुछ वर्षों से गढ की सुरक्षा कारणों से गेट नहीं खोले जाते है इससे लगातार तारागढ़ के रास्ते चामुंडा माता व डोबरा जाने वाले भक्तों की संख्या मे कमी आई है। इसके बाद भक्तों ने तारागढ़ की पहाड़ी पर जाने के लिये वैकल्पिक रास्ते तलाश लिये जो बदस्तूर जारी है। पर हर वर्ष गढ पैलेस के गेट खोलकर भक्तों को तारागढ़ की पहाड़ी पर आयोजित होने वाले मेले मे जाने देने की मांग ज्ञापन के माध्यम से भी पूरी नही हो पाई और इस बार भी रियासतकालीन मेला अपने पुरातत्व वैभव के साथ आयोजित नहीं हो पाया, जिसका मलाल शहरवासियों मे रहा।

भक्तो के लिये गढ पैलेस के गेट खुलवाने के पक्षधर गढ प्रबंधन व जिला प्रशासन पर रियासतकालीन मेले की संस्कृति को खत्म करने व हठधर्मिता का आरोप लगा रहे है। इनके सबके बीच डोबरा मेले की संस्कृति को बचाने के पक्षधर या आमजन गढ के गेट खुलवाने के अलावा किसी अन्य व्यवस्था पर विचार नहीं कर पाए बस मेले की संस्कृति को बचाने के लिये गढ के गेट खुलवाने के चक्कर मे लगे रहे।

आमजन ने मेले की संस्कृति खत्म होने पर दुख जाहिर करते हुए कहा कि बूंदी शहर से दलेलपुरा व बोरखंडी होते हुए डोबरा महादेव मंदिर तक जाने वाली क्षितग्रस्त सडक का निर्माण हो, सूरज जी के बड से पहाडी पर जाने के लिए भक्तो के लिये स्थायी ट्रेक बने, मेले को भव्यता देने के लिये आयोजन समिति बने जिसमे डोबरा महादेव मंदिर व चामुंडा माता मंदिर के पुजारी भी शामिल हो, गढ के गेट खुलवाने के लिये सकारात्मक माहौल मे गढ प्रबंधन से विस्तृत चर्चा हो।

जेपी शर्मा, प्रबंधक, गढ पैलेस व तारागढ़ ने बताया कि रियासतकालीन व्यवस्था व अभी की व्यवस्थाओं मे काफी अंतर है। गढ मे पैंथर की मूवमेंट होने सहित गढ की सुरक्षा व साफ सफाई के कारणों से अनुमति नहीं दी जा सकती थी। राजपरिवार की संपत्ति का दुष्प्रचार करने, गढ प्रबंधन पर छींटाकशी करने वाले लोगो की मांग पर गढ के गेट नही खोलेंगे। फसाड लाइट को लेकर आये दिन गढ प्रबंधन को सवालो के घेरे मे खड़ा किया जा रहा है गढ़ को निजी संपत्ति बता कर गढ के विद्युत कनेक्शन विच्छेद की मांग की जाती है यह उचित नहीं है। गढ प्रबंधन पर मेले की संस्कृति को खत्म करने का जहां तक आरोप है शहर के गणमान्य नागरिक प्रबुद्धजनों के साथ सकारात्मक वार्ता से इस समस्या का भविष्य मे समाधान किया जा सकता है।

### पंजाबी समाज ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया

**अंता** (निसं)। पंजाबी समाज अंता ने मंगलवार को पंजाबी धर्म शाला से उपखंड अधिकारी अंता कार्यालय तक वाहन रैली निकाल कर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी अंता संजना जोशी को एक ज्ञापन देकर बारां की एक नाबालिग छात्रा को साथ 3 जुलाई को हुई दुष्कर्म की घटना की दर्ज नामजद रिपोर्ट के बावजूद पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्य वाही नहीं करने पर गहरी चिंता जताते हुए तत्काल कार्रवाई करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजाबी समाज के अध्यक्ष मोहित कालरा के नेतृत्व में समाज के कई महिलाओं और पुरुषों ने बारां में एक निजी विद्यालय में अध्ययन करने वाली नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना से दुखी हो कर पुलिस द्वारा नामजद आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं करने पर गहरी नाराजगी जताई और दोषी आरोपी को गिरफतार कर ने तथा सख्त से सख्त सजा देने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी अंता कार्यालय में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया गया। तथा मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन देकर पीडित बालिका को न्याय दिलाने की मांग की है।

## 'मां का दूध ही शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार है'

**झालावाड़** (निसं)। स्तनपान के प्रति जन-जागरूकता लाने के मकसद से अगस्त माह के प्रथम सप्ताह को पूरे विश्व में स्तनपान सप्ताह के रूप में बनाया जाता है। इसी कड़ी में जिले में चिकित्सा केन्द्रों पर स्तनपान जागरूकता सप्ताह प्रारंभ किया जावेगा। चिकित्सालय में जागरूकता बैठक का आयोजन करते हुये स्तनपान सप्ताह के दौरान माँ के दूध के महत्व की जानकारी देने के साथ ही उन्हें बताया जावेगा कि नवजात शिशुओं के लिए माँ का दूध अमृत के समान है।

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार नागर ने बताया कि माँ का दूध शिशुओं को कुपोषण व अतिसार जैसी बीमारियों से बचाता है। स्तनपान को बढ़ावा देकर शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। शिशुओं को जन्म से छः माह तक केवल माँ का दूध पिलाने के लिए महिलाओं को इस सप्ताह के दौरान विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जावेगा।

इसका उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना भी है। माँ का दूध बच्चे के लिए अनमोल उपहार है। मां का दूध, बच्चे के सम्पूर्ण विकास के लिए पोषण का सबसे अच्छा स्त्रोत है तथा बच्चे को छः महीने की अवस्था तक मां के दूध के अलावा अन्य कोई वैकल्पिक आहार नहीं दिया जाना चाहिए। प्रत्येक माँ को स्तनपान कराने की तकनीकों जैसे कि स्तनपान कैसे कराएँ? और स्तनपान कब कराना चाहिए? तथा स्तनपान से संबंधित अन्य पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। उन्होने यह भी बताया कि चिकित्सा संस्थानों में मनाए जा रहे स्तनपान सप्ताह के दौरान आशाओं व यशोदाओं की अहम भूमिका निभा रही हैं, प्रसव होने के बाद मां को अपने नवजात को स्तनपान कैसे करवाना है, इसके लिए प्रसूति वार्ड में नियुक्त यशोदा उन्हे प्रशिक्षित करती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह, विश्वभर के बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार और स्तनपान कराने को प्रोत्साहित करने के लिए देशों में प्रतिवर्ष अगस्त माह के पहले सप्ताह (एक अगस्त से सात अगस्त तक) में मनाया जाता है।

# मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत पौधारोपण किया

**बूंदी** (निसं)। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट रामगंज बालाजी पर आरयूआईडीपी कार्मिकों द्वारा वृक्षारोपण महाअभियान 2024 के तहत वृक्षारोपण किया। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना एवं खिलाडी इंफ्रास्ट्रक्चर के संयुक्त तत्वाधान में सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आरयूआईडीपी की अधिशाषी अभियंता सोनम शर्मा ने कहा कि पृथ्वी पर जितने ज्यादा पेड़ पौधे होंगे उतनी धरती पर हरियाली एवं खुशहाली बनी रहेगी, पेड़ पृथ्वी की अनमोल सम्पदा है। उन्होने कहा कि सबको मिलकर प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले नुकसानों के बारे में आमजन को जागरूक करने की आवश्यकता है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक संख्या में पौधारोपण करने के साथ उनकी देखभाल करना आवश्यक है। उन्होंने आमजन से



बूंदी में आर.यू.आई.डी.पी. कार्मिकों ने पौधारोपण किया।

अपील कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रति वर्ष पांच वृक्ष लगाने चाहिए ताकि पर्यावरण का संरक्षण किया जा सके।

उन्होने बताया कि विभाग द्वारा बूंदी में 4500 पौधे लगाने का लक्ष्य है।इस अवसर पर आरयूआईडीपी के कनिष्ठ अभियंता कुश कुमार, सीएमएससी के वरिष्ट निर्माण अभियंता धीरज जांगिड़, कैप से एएसडी सचिन मुदगल ,सीएमएससी सोशल सेफगार्ड नरेश महावर ,सीएमएससी सपोर्ट इंजीनियर गौरव कुमार, हर्ष शर्मा, हरीश सैनी, भूपेन्द्र हाडा व संवेदक कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर लाल सिंह व कर्मचारी मौजूद रहे।

## भारतीय किसान संघ ने हर पंचायत में अभियान के तहत ज्ञापन सौंपे

**रामगंजमंडी**(निसं)।भारतीय किसान संघ ने 30 जुलाई मंगलवार को हर पंचायत में ज्ञापन अभियान के तहत किसानों की समस्याएं को लेकर पंचायत समिति खैराबाद में विकास अधिकारी व प्रधान पंचायत गोविन्दा में सचिव एवं सरपंच पंचायत रीछडिया में सचिव एवं सरपंच को मुख्यमंत्री ज्ञापन दिया।

कृषि विपणन प्रमुख प्रहलाद धाकड ने बताया है कि ग्राम पंचायत रिछड़िया और गोविंदा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम और पंचायत समिति खैराबाद में पंचायत राज एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के नाम 8 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।रेवेन्यू रिकॉर्ड में किसानों की जमीन एक दूसरे के नाम चल रही है यानी इधर-उधर हो रही है जिससे किसान बहुत परेशान है और आए दिन लड़ाई झगडों का सामना करना पडता है।कईं किसानों के कोर्ट में कैस चल रहे हैं इसलिए डबल रेवेन्यू सेटलमेंट किया जाए, भारतमाला एक्सप्रेसवे 8 लाइन रोड के दोनों और किसानों को सर्विस रोड दिए जाएं, कृषि कार्यालय रामगंजमंडी शिफ्ट किया जाए, हर खेत को रास्ता हर खेत को पानी मिले, हर गांव में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करें, नरेगा श्रमिकों को कृषि कार्य हेतु लगाया जाए।भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष विजेंद्र सिंह लाला बना ने बताया है कि गोविंदा ग्राम पंचायत के गांव में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित हो नालियों और सड़क का निर्माण हो व ग्राम पंचायत रिछडिया में भी गांव में सडक और नालियां निर्माण और 11 केवी विद्युत लाइन गांव रिछडिया से बाहर शिफ्ट की जाए चारागाह भूमि अतिक्रमण मुक्त इन सभी समस्याओं को लेकर ज्ञापन देने वालों में सहमंत्री जमनालाल किराड व विद्युत प्रमुख श्याम सुथार सहित अन्य किसान मोजूद थे।

**राजस्थान ब्राह्मण महासभा द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार:-** राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पं. केशरी चंद भंवरलाल शर्मा के निर्देशानुसार प्रदेश प्रमुख महामंत्री मधुसूदन शर्मा द्वारा प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष दीक्षांत शर्मा एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं झालावाड बारां प्रभारी मनीष शुक्ला की अनुशंसा पर प्रदेश की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि झालावाड जिले से रमेश चंद्र शर्मा (डग) प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुनील व्यास (डग) प्रदेश महामंत्री, ओम प्रकाश चतुर्वेदी (भवानीमंडी) प्रदेश उपाध्यक्ष, अनिल त्रिपाठी (अकलेरा) प्रदेश प्रचार मंत्री, बृजमोहन शर्मा (खानपुर) प्रदेश संयुक्त मंत्री, गिरिराज प्रसाद शर्मा (मनोहरथाना) प्रदेश संगठन मंत्री, राजेंद्र कुमार शास्त्री (झालरापाटन) प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, पंकज वशिष्ठ (झालावाड़) प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, प्रवीण व्यास (झालावाड़) प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के पद पर मनोनीत किए गए हैं।

## चोरों ने दो स्कूलों को निशाना बनाया



प्राथमिक विद्यालय खेड़ली मजरा और कमालपुरा से पोषाहार सहित अन्य सामग्री चोरी हो गई।

**छबड़ा** (निसं) चोरों के दिनो-दिन बढ़ रहे हौंसले व चोरी की घटनाओं से आमजन भयभीत हैं। ये षिक्षा के मंदिरों को भी निषाना बनाने से नही चूक रहे हैं। अज्ञात चोरो ने प्राथमिक विद्यालय खेडली मजरा और कमालपुरा से पोशाहार सहित अन्य सामग्री चुरा ली।

संदर्भ व्यक्ति शंकरलाल नागर के अनुसार चोरो ने प्राथमिक विद्यालय कमालपुरा से इलेक्ट्रॉनिक तराजू, गैस की टंकी चोरों ने चुरा ली। प्राथमिक विद्यालय खेडली मजरा में भी स्कूल के दरवाजे को तोड गैस सिलेंडर, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, संपर्क किट डीवाइस और पोषाहार के 50 किलो चांवल के कट्टे को भी चोर चुरा ले गए। मंगलवार को जब स्कूल के संस्था प्रधान विद्यालय पहुंचे तो चोरी का पता लगा। सूचना मिलने पर सीबीईओ ओमप्रकाष गालव ने खेडली मजरा विद्यालय का निरीक्षण किया और वस्तुस्थिति का जायजा लिया। दोनों विद्यालयो के संस्था प्रधानों ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध बापचा थाने में प्रकरण दर्ज करवा दिए हैं।

# कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्रों के दस्तावेज जमा करवाने की तिथि बढ़ाने की मांग

**बूंदी** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय में प्रथम वर्ष में आवेदन सूची में चयनित छात्रो के लिये दस्तावेज सत्यापन व फीस जमा करवाने की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर मंगलवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई की ओर से प्राचार्य को कुलपति के नाम ज्ञापन दिया।

छात्र नेता बंटी गुर्जर चाड व भोजराज गुर्जर गुडा के नेतृत्व में कुलपति के नाम कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन देते हुये छात्रो ने कहा कि छात्र हित मे डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और डॉक्यूमेंट जमा कराने की तिथि बढ़ायी जानी चाहिये।अभी तक सभी छात्रो के आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं हो पाये है।

छात्रो को दस्तावेज प्रकिया में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश सचिव किसन नेखाडी,पूर्व जिलाध्यक्ष



राजकीय महाविद्यालय में प्रथम वर्ष में आवेदन सूची में चयनित छात्रो के लिये दस्तावेज सत्यापन व फीस जमा करवाने की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन दिया।

जुगराज गुर्जर,पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र लठाला, राकेश चांदना, नंदकिशोर गुर्जर, बंटी सुहरी, शिवम फागना, राघव गुडाबांध,लकी गुर्जर,खुशीराम गुर्जर, शिवराज बिस्तारी आदि उपस्थित रहें।

## विश्व स्तनपान सप्ताह में जागरुकता गतिविधियां कल से

**रामगंजमंडी** (निसं)। शिशुओं के स्तनपान महत्व को बढ़ावा देकर शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने, स्तनपान के संरक्षण, प्रचार एवं समर्थन के लिए चिकित्सा विभाग की ओर से 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाएगा।सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि इस वर्ष की थीम "क्लोजिंग द गेप: ब्रेस्ट फीडिंग सपोर्ट फॉर ऑल" पर जिले में सप्ताहभर जागरूकता गतिविधियां होंगी। उन्होने बताचा कि स्वस्थ एवं सुपोषित बच्चे किसी राष्ट्र की रीढ़ की हड्डी होते है। समुदाय और पूरे राष्ट्र के स्वास्थ्य और कल्याण में रतनपान की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिशुओं को स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए सक्षम वातावरण को बढावा देने और बाल मृत्युदर को कम करने, पोषण में सुधार व शिशु के विकास को बढाने में स्तनपान की भूमिका पर जोर देने के लिए यह एक महत्वपूर्ण मंच है। सीएमएचओ डॉ सोनी ने बताया कि बच्चो को 6 माह तक केवल स्तनपान और कम से कम 2 वर्ष तक स्तनपान जारी रखना चाहिए। सप्ताह के दौरान मां के दूध की उपयोगिता के बारे में जागरूकता विकसित की जाएगी। साथ ही इस तथ्य को प्रचारित किया जाएगा कि मां का दूध ही शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार है, जो नवजात शिशु को प्रथम 6 माह के लिए पौष्टिक आहार सम्बन्धी सभी आवश्यकताएं पूरी करता है।

जिला नोडल अधिकारी व डिप्टी सीएमएचओ पक. डॉ गोविन्द सिंघल ने बताया कि स्वस्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सामान्य व सिजेरियन सेक्शन से दोनो ही प्रसवों की स्थितियों में जन्म के एक घण्टे के भीतर स्तनपान की शुरूआत सुनिश्चित करने पर ध्यान कन्द्रित करते हुये विश्व स्तनपान सप्ताह मनाये जाने के लिए निर्देशित किया है। इसके अलावा सार्वजनिक एवं निजी दोनों संस्थानों के स्टेक हॉल्डर्स की क्षमता वर्धन और भागीदारी के माध्यम से प्रथम 6 माह के लिए केवल स्तनपान और कम से कम 2 वर्षों तक स्तनपान जारी रखने के महत्व पर जागरूपता पैदा की जाएगी।

